श्री महावीर ग्रंथ माला-१२ वां पुष्प

चम्पाशतक

(कवयित्री चम्पा देवी द्वारा निर्मित)

सम्पादक

डा० कस्तूरचंद कासलीवाल

एम ए. पी एच. डी

प्रकाशक

गेंदीलाल साह एडवोकेट

मन्त्री

दि० जैन अ० क्षेत्र श्रीमहावीरजी

महावीर भवन, जयपुर

न

ह

३

४

६

पुस्तक प्राप्ति स्थान :--

(१) साहित्य शोध विभाग
दि. जैन अ. क्षेत्र श्रीमहावीरजी
महावीर भवन, सवाई मानसिंह हाई वे
जयपुर (राज०)

(२) मैनेजर कार्यालय
दि जैन अ क्षेत्र श्रीमहावीरजी
श्री महावीरजी (राजस्थान)

वीर निर्वाण सम्वत् २४९३
वि. स० २०२३
सन् १९६६

प्रथम संस्करण —
५००
मूल्य २)

मुद्रक
एवॉन. प्रिन्टर्स
लालजी साड का रास्ता,
चौकडी मोदीखाना, जयपुर।
दूरभाष ७५५२३ पी पी

विषय-सूची

प्रकाशकीय

हिन्दी भाषा की आदिकालिक कृति 'जिणदत्त चरित' के प्रकाशन के बाद अब यह 'चम्पा शतक' पाठको के समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे बडी प्रसन्नता हो रही है। 'चम्पा शतक' एक पद सग्रह है जिसकी रचना दि० जैन समाज की एक प्रमुख महिला कवि 'चम्पादेवी' द्वारा की गई थी। चम्पादेवी देहली की रहनेवाली थी और ६६ वर्ष की अवस्था मे साहित्यिक क्षेत्र मे प्रविष्ट हुई थी। उसका साहित्य निर्माण न कोई ध्येय था और न इस ओर कभी उसकी रुचि ही रही थी किन्तु अपनी रुग्णावस्था मे परमात्मा की भक्ति ही उसे एक मात्र सहारा दिखाई दिया तो वह प्रभ–भक्ति मे लवलीन हो गयी और सर्व प्रथम "पडी मझधार मेरी नैय्या उबारोगे तो क्या होगा" पद के सहारे परमात्मा से प्रार्थना करने लगी। जब उसे रोग-शान्ति लक्षण दिखाई दिये तब अर्हद् भक्ति मे उसकी और भी दृढ आस्था हो गयी और अपने बडे भाई पडित प्यारेलालजी के कहने से वह रचना की ओर प्रवृत्त हुई और मात्र भक्ति के कारण एक के पश्चात् दूसरा पद स्वयमेव निर्मित होता गया।

'चम्पा शतक' हिन्दी पद साहित्य की एक उत्कृष्ट कृति है लेकिन अभी तक यह कृति अपने प्रकाशन से वचित ही थी। यद्यपि आरम्भ मे इसका कुछ अवश्य प्रचार रहा होगा लेकिन प्रकाशन न होने के

कारण इन पदो को भुला दिया गया। इस कारण इस शतक का अपना एक विशिष्ट स्थान है। जब मैंने इन पदो को पढा तो मुझे सीधी सादी भाषा मे लिखे हुए ये पद अच्छे लगे। शतक मे वर्णित पद भाव, भाषा एव चाल (राग–रागिनी) सभी दृष्टियो मे अच्छे हैं। इसके अतिरिक्त ये एक दि० जैन महिला कवि द्वारा निर्मित है। इसलिए इन सभी दृष्टियो से इसका प्रकाशन आवश्यक समझा गया। इससे पूर्व क्षेत्र के साहित्य–शोध विभाग की ओर से 'हिन्दी पद सग्रह' प्रकाशित हुआ था उसका सभो वर्गो ने हार्दिक स्वागत किया और अपनी अमूल्य सम्मति भेजकर हमे प्रोत्साहित किया। बहुत से पाठको नें अवशिष्ट अन्य जैन कवियो के हिन्दी पदो का सग्रह प्रकाशित करने का जो सुझाव दिया है उसी के अनुसार हम यह पद–शतक प्रकाशित कर रहे हैं। आशा है उक्त पद सग्रह के समान इसके प्रकाशन का भी सर्वत्र स्वागत किया जावेगा।

चम्पा शतक क्षेत्र के साहित्य शोध–विभाग की ओर से प्रकाशित होने वाला १२ वा पुष्प है। इसके पूर्व ११ पुस्तके प्रकाशित हो चुकी हैं जिनका परिचय समय समय पर दिया जा चुका है तथा जिनको सूची इसी पुस्तक के अन्त मे प्रकाशित की गयी है। इसके अतिरिक्त 'जैन ग्र थ भण्डार्स इन राजस्थान' (अ ग्रेजी मे) नामक एक शोध प्रबन्ध शीघ्र ही प्रकाशित होकर पाठको के सामने आने वाला है। इस पुस्तक में राजस्थान के १०० से अधिक जैन शास्त्र भण्डारो का सक्षिप्त परिचय उनमे उपलब्ध होने वाले महत्त्वपूर्ण साहित्य का खोजपूर्ण परिचय, भण्डारो की विविध दृष्टियो से महत्ता एव राजस्थानी विद्वानो एव साहित्यकारो का परिचय तथा भण्डारो

मे उपलब्ध अज्ञात ग्रथो का विवरण रहेगा। इस पुस्तक के अतिरिक्त "राजस्थान के कुछ प्रमुख जैन सत–व्यक्तित्व एव कृतित्व" नामक पुस्तक भी प्राय तैयार है और वह भी शीघ्र ही प्रकाशित होकर सम्भवत महावीर जयन्ती तक पाठको के समक्ष आजावेगी।

क्षेत्र कमेटी के सभी सदस्यो को साहित्य प्रकाशन के कार्य मे और भी वृद्धि करने की इच्छा है। इस दिशा मे प्रयत्न चालू है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम प्रति वर्ष अधिक से अधिक अज्ञात, अप्रकाशित एव महत्वपूर्ण साहित्य का प्रकाशन कर सकेंगे।

दिनाक १०—१०—६६

गैंदीलाल साह एडवोकेट
मन्त्री

भूमिका

'चम्पा शतक' हिन्दी कवयित्री चम्पादेवी के द्वारा रचित १०१ पदो का सग्रह ग्र थ है। १६ वी शताब्दी मे चम्पादेवी सभवत प्रथम स्त्री कवि थी जिसने अपने जीवन के सध्या काल मे साहित्यिक क्षेत्र मे पदार्पण किया किन्तु थोडे ही समय मे उसने हिन्दी जगत् को एक अनुपम कृति भेंट की। मीरा के अतिरिक्त सारे हिन्दी जगत् मे 'चम्पा' के समान सम्भवत कोई दूसरी स्त्री कवि नही मिलेगी जिसने इतने सुन्दर पद बनाये हो। जैसे मीरा ने भगवान् कृष्ण की भक्ति मे तन्मय होकर भक्ति पूर्ण पद लिखे उसी प्रकार चम्पा ने भी अर्हद् भक्ति मे अपने आपको समर्पित कर दिया और फिर उनका गुणानुवाद करके दर्शन प्राप्त किये। प्रभु दर्शन का स्वय चम्पा ने अपनी कृति के अन्त मे जो वर्णन दिया है वह इस प्रकार है —

"मेरी उम्र वर्ष ६६ की है उसमे कर्म वसात मेरे यह रोग उत्पन्न हुआ कि मेरे हाथ तथा पाव चलने से रह गये। भावार्थ-पैर हाथो के जोड सिथल हो गये। इस अवस्था मे मुझे बडी चिन्ता खडी हुई कि हे परमात्मा मेरे आपके दर्शन करने की प्रतिज्ञा है जिसका निर्वाह किस रीति से होगा। दिन ३ तक मैंने रस त्याग किये। जब शरीर मे अत्यन्त असमर्थता हुई तो मैं धरातल मे पडी हुई परमात्मा का स्मरण कर रही थी कि एक पद की मैंने रचना की (जो) आदि मे लिखा है। ' पडी मझधार मेरी नैया ' आदि। जब पदपूर्ण मे मेने

अन्त पद 'मेरी विनती अपावन की विचारोगे तो क्या होगा' कहते साथ मेरे रोमाच होते ही मै फेर चितवन करने लगी कि श्री अरहन्त परमात्मा तुम ही असरन के सरनागत दीनन के दयाल मुझे तुम्हारे दर्शन की अभिलाषा है वह कब पूर्ण होगी। इतना कहते ही मेरे नेत्र कुछ सकुचित हुये। उस समय एक अद्भुत चरित्र हुआ कि मुझ जिनेन्द्र की पद्मासन स्वेत वर्ण प्रतिमा दृष्टि पडने लगी। कुछ अवस्था स्वप्न कीसो सचेत हो क्या देखती हू कि हाँथ पैरो के जोड खुल गये और कुछ चलने बैठने मे समर्थ हुई। जब मुझे दृढ विश्वास हुआ कि इस रोग से निर्वित्ति का कारण एक जिनेन्द्र भक्ति है। इसमे आश्चर्य ही क्या, पूर्व वादिराज आदि मुनियो के कोढ से रोग शात हुये हैं। इस विचार से मेरे और पद रचना की अभिलाषा हुई कि मेरे बडे भ्राता पडित प्यारेलालजी अलीगढ निवासी मेरी बिमारी की सुनकर मुझे देहली देखने आये। और मैने पूर्व चेष्टा सर्व कह उनसे सम्मती ली कि मेरी अभिलाषा पद रचना की है। आपकी क्या आज्ञा है तब वह कहने लगे अवश्य तुम इस कार्य को करो। इस रचना मे तुम्हारे अत्यन्त शुभ परिनाम रहेगे। इसको सुन मैने पद रचना करि यह शतक पूर्ण किया है। न मैं कुछ पिंगल जानती हू न कुछ शास्त्र ज्ञान ही। केवल जिनेन्द्र की भक्ति इस रचना मे कारण है। इसमे कही न्यूनाधिक छद भग हो तो शुद्ध करि लीजो। अल्प बुद्धि समझ हास्य नही करना। इस शतक मे दो अधिकार है। एक तो जिनेन्द्र की भक्ति दूसरा जिनेन्द्र का उपदेशक भाव। यह दोनो ही का विचार तथा पठन पाठन तै आत्म कल्याण करने का हेतु विचार। सज्जनो! इसके पढने पढाने का अभ्यास सदैव करने योग्य हैं।"

उक्त धारणा के आधार पर यह कहना उचित रहेगा कि चम्पा के हृदय मे अर्हद्भक्ति के प्रति जो अनूठी श्रद्धा थी उस ही के कारण शतक का निर्माण हो सका है। अर्हद् भक्ति ही उसकी प्रेरणा स्रोत थी इसलिए उसने जो कुछ लिखा वह अपनी अन्तरात्मा की प्रेरणा मे ही लिखा। उसकी आखो के सामने प्रभु की साक्षात् मूर्ति विराजती थी और उसी का दर्शन पाकर उसने उनका गुणानुवाद किया। वह भक्ति मे इतनी तन्मय होती कि जो भी उसके मुख से वाक्य निकलता वह पद के रूप मे निकलता इसलिये इन पदो मे उसकी सच्ची अन्तरात्मा की पुकार है, इस तथ्य को कभी मना नही किया जा सकता।

जीवन

चम्पादेवी देहली निवासी लाला सुन्दरलाल जैन टोग्या की धर्म-पत्नी थी। उनके पिता अलीगढ निवासी श्री मोहनलाल पाटनी थे। श्री मोहनलाल के तीन सन्ताने थी—दो पुत्र एव एक पुत्री। दोनो भाई इनसे वडे थे और उनके नाम रामलाल एव प्यारेलाल थे। प्यारेलाल अच्छे विद्वान् थे। ये सरल प्रकृति, धर्म निष्ठ श्रावक एव सफल व्यवसायी थे। रूई एव अनाज के अपने समय के प्रमुख व्यापारी माने जाते थे। चम्पा के जीवन पर सवमे अधिक प्रभाव अपने भाई प्यारेलाल का पडा और वह वचपन से ही स्वाध्याय की ओर रुचि दिखलाने लगी। इसके अतिरिक्त प्यारेलाल से भी अधिक विद्वान् उनके पुत्र थे जिनका नाम प० श्रीलाल था। आपने 'चतुर्विशति जिनपूजापाठ' एव 'भूगोलभ्रमण भ्रान्ति' नामक दो

पुस्तके लिखी। डा० प्रचण्डिया की एक सूचनानुसार इन्होंने मध्यमा के सभी खण्ड उत्तीर्ण किये थे।

चम्पा का जन्म सवत १९१३ के करीब अलीगढ मे हुआ था। छोटी अवस्था मे ही उनका विवाह हो गया और वह दिल्ली सुसराल मे रहने लगी। इनके पति श्री सुन्दरलाल जवाहरात के व्यापारी थे इसलिये धनाभाव का प्रश्न जीवन मे कभी सामने नही आया। पिता एव पति दोनो ही स्थानो पर इनका पूर्ण समादर था। भाई एवं भतीजे के सपर्क से उनमे तत्व-चर्चा की ओर अभिरूचि पैदा हुई और स्वाध्याय मे उनकी प्रवृत्ति बढती गई। लेकिन इन्हे पति का सुख अधिक नही मिला और जब ये ३० वर्ष की थी तभी सुन्दरलालजी का देहान्त हो गया। यह निस्सन्तान थी। एक ओर पति का वियोग तथा दूसरी ओर सन्तान का अभाव–दोनो ही दारुण दु ख उन्हे झेलने पडे। यद्यपि पैसे की कोई कमी नही थी लेकिन फिर भी वियोग तो वियोग ही होता है। विधवावस्था में इन्हे सभवत अलीगढ रहने का अधिक अवसर मिला तथा 'अर्हद्-भक्ति' मे इनकी अधिक रुचि होने लगी। जब यह ६६ वर्ष की थी तब उन्हे रोगो ने आकर पूर्ण रूप से घेर लिया। औषधि लेने पर भी रोग शान्ति का कोई सकेत नही दिखाई दिया। अन्त मे 'अर्हद् भक्ति' ही इन्हे एक मात्र सहारा मिला। वह भगवद् भक्ति मे विभोर हो गयी और पूर्ण तल्लीनता में उनके मुख से "पडी मझधार मेरी नैय्या उबारोगे तो क्या होगा—" ये शब्द निकले। उस समय उसे अपनी सुध–बुध नही रही और वह अपना अस्तित्व खो बैठी।

इस सम्वन्ध मे उसने अपने भाई प्यारेलालजी से भी परामश किया और उन्होने भी इस ओर वढने की प्रेरणा दी। धीरे–धीरे भक्ति की धारा नदी के रूप में परिवर्तित होगयी और एक के पश्चात् दूसरे पद का निर्माण होता गया। कवयित्री की इस 'अर्हद् भक्ति' से उसके सभी रोग शान्त हो गये और वह स्वस्थ हो गयी। 'चम्पा शतक' के निर्माण मे कोई दो वर्ष लगे होगे। सम्भवत यह सवत् १६७० मे समाप्त हुआ होगा। ७० वर्प की अवस्था मे उनका देहान्त हो गया।

चम्पा ने चिरजीलालजी को गोद लिया जिनका स्वर्गवास हुए अभी कोई ५० वर्प करीव हुए होगे। चिरजीलालजी भी नि सतान थ इसलिये उन्हे भी पुत्र गोद लेना पडा। उनके दत्तक पुत्र का नाम चन्दालालजी है जो आजकल जयपुर मे जवाहरात का कार्य करते हैं। चन्दालालजो के ५ पुत्र एव तीन पुत्रिया हैं।

सम्पादन

चम्पा शतक अपने रचनाकाल के पश्चात् लोकप्रिय हो गया, और इसकी अनेक प्रतिया होकर देहली, आगरा, जयपुर, अलीगढ आदि स्थानो के शास्त्र भण्डारो मे सग्रह की गयी। जन-साधारण ने इन पदो को बहुत पसन्द किया। 'चम्पा देवी' ने भक्ति–परक पदो के अतिरिक्त आध्यात्मिक, सामाजिक एव उपदेशी पदो का भी निर्माण किया। अनेक राग एव रागिनियो मे निर्मित इन पदो मे कवयित्री ने जो भाव भरे हैं, उससे उनकी विद्वत्ता, सिद्धान्तभिज्ञता एव आध्यात्मिकता के दर्शन होते हैं।

[नो

'चम्पा शतक' का सम्पादन तीन प्रतियो के आधार पर किया गया है। इन प्रतियो का परिचय निम्न प्रकार है —

'क' प्रति। यह प्रति 'दि० जैन मन्दिर लश्कर, जयपुर के शास्त्र भण्डार मे सग्रहीत है। इसमे २३ पत्र हैं, जिनका आकार १०"×८" है। इसकी प्रतिलिपि अलवर मे की गई थी। प्रतिलिपिकार थे पं० राम सहाय तथा प्रतिलिपि कराने वाले थे पं० प्यारेलाल अलीगढ वाले। लिपिकाल स० १९७५ मगसिर बुदि ६ है। यह प्रति वैदवाडे की प्रति के आधार पर की गयी थी।

'ख' प्रति। यह प्रति जयपुर के गोधो के दि० जैन मन्दिर के शास्त्र भण्डार की है। इसमे २४ पत्र है तथा यह १२½"× ९" आकार की है। यह प्रति दिल्ली मे वैदवाडा मे लिखी गई थी। लेखनकाल नही दिया हुआ है। प्रतिलिपिकार ने इसमे २५ पदो का एक 'अधिकार' मानकर पूरी रचना को ४ अधिकारो मे विभक्त किया है लेकिन यह सभवत प्रतिलिपिकार की अपनी कल्पना मालूम होती है।

'ग' प्रति। यह प्रति शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर सगहीजी, जयपुर की है। इसमे २४ पत्र है और इसका १२ ३"×९" का आकार है। यह प्रति भी वैदवाडे—देहली की प्रति के आधार पर लिखी हुई है।

शतक के पदो को चम्पा ने भक्ति परक एव उपदेश परक इन दो वर्गो मे विभक्त किया है। किन्तु यह एक सामान्य विभाजन है जिसकी सीमा मे प्राय प्रत्येक जैन कवि ने पदो की रचना की है।

महाकवि बनारसीदास, भूधरदास, द्यानतराय जैसे कुछ प्रसिद्ध कवियों ने भक्ति से भी उपदेशी पदो की अधिक रचना की है, जबकि भट्टारक कुमुदचन्द्र, रत्नकीर्ति, शुभचन्द्र जैसे सन्तो ने उपदेशात्मक पदो से अधिक भक्ति परक पदो पर जोर दिया है। चम्पा ने अपने १०१ पदो मे से ४१ पद भक्ति के लिखे है तथा शेष पद अन्य विषयो से सम्बन्धित है। चम्पा सभवतः प्रथम जैन स्त्री कवि है जिसने अर्हद् भक्ति के साथ साथ शास्त्र भक्ति एव गुरु भक्ति परक पद भी अच्छी सख्या मे लिखे है। सामान्य अध्ययन की दृष्टि से हम इन पदो का निम्न प्रकार वर्गीकरण कर सकते है।—

	विषय	पद सख्या	
१.	भक्ति परक		
	(१) अर्हद्भक्ति	२५	४१
	(२) शास्त्रभक्ति	९	
	(३) गुरुभक्ति	७	
२.	अध्यात्म परक	१४	
३.	उपदेश परक (शिक्षात्मक)	४४	
४.	आलोचनात्मक	२	

भक्तिपरक

भक्ति परक पदो की सख्या ४१ है जिसमे देव शास्त्र एवं गुरु इन तीनो की सस्तुति की गयी है। चम्पा ने अर्हद् भगवान को तरन तारन एव जगतपति के नामो से सम्बोधित किया है। परमात्मा की

शान्त मुद्रा के दर्शन मात्र से विपत्तिया स्वत: ही दूर हो जाती है और वह वासना से मन को हटा कर अपने आत्म स्वरूप मे लग जाने की प्रेरणा देती है। यह मनुष्य दीन, गरीब एव अल्प बुद्धि वाला है इसलिए दु खो से घबराकर उनसे छुटकारा पाना चाहता है इसलिए वह चतुर्गति के जाल मे फँसाने वाले इन कर्मो से अलग कराने के लिये भगवान से प्रार्थना करती है। कवयित्री को इन कर्मो से बडी शिकायत है क्योकि कर्मो ने ही उसका दर्शन-ज्ञान लूटा है तथा मोह का प्याला पिला कर उसे पूर्णत अज्ञानी बना दिया है लेकिन परमात्मा की भक्ति मे उसे पूर्ण विश्वास है इसलिए वह कह उठती है कि कर्म उसका क्या करेंगे क्योकि परमेष्ठी उसकी सहायता पर जो हैं।

'करम म्हारो काई करसो जो, म्हारे परमेष्ठी आधार,' और अपनी इस आस्था के लिए वह कितने ही उदाहरण प्रस्तुत करती है जब भगवद् भक्ति के कारण ही भक्त का कुछ भी अनिष्ट नही हो सका था।

'चम्पा' को परमात्म-भक्ति के समान शास्त्र एव गुरु भक्ति में भी अगाध श्रद्धा है। जिनवाणी की शरण से ही मिथ्यात्व का नाश होकर सम्यक्त्व की प्राप्ति होती है। जिनवाणी को हृदय मे उतारे विना स्व एव पर का भेद ही मालूम नही होता इसलिये जीवन मे प्रत्येक मानव को शास्त्र भक्ति मे पूरी श्रद्धा रखनी चाहिये[१]।

---

१. तेरे विन माता स्व—पर विवेक न मैं लहो।
पर को अपनायो, तजि स्वरूप भ्रम मम गहो
यह भूल हमारी तोहि, दीयो छुटकाय कै।
क्या हो पछितायो, काल अनत गमाय कै पद—४०

जो गुरु वीतरागी होता है उसकी भक्ति ही मोक्षमार्ग मे सहायक होती है। गुरु ही उसे उचित मार्ग पर चलने का उपदेश देते है लेकिन ऐसे गुरुओ की चम्पा ने निम्न पहिचान बतलाई है।

करे तप घोर तन बल जोर, जग मे वीर ठारे हैं।
सह दुख जो पडे तन पर, समरसी भाव धारे है॥
नही कुछ दूसरा अनुभव, निजातम प्रीत लागी है।
मिलेगे कब गुरू हमको, जु साचे वीतरागी है॥
जिनो का ध्येय आतम है, लगी है लौ जहा जिनकी।
नही कुछ खबर बाहर की, सुरति जिन मे लगी जिनकी॥
इसी चित ध्यान केवल त, चिदानन्द ज्योति जागी है।
मिलेगे कब गुरु हमको, जु साचे वीतरागी है॥

अध्यात्म परक पदो मे कवयित्री ने अध्यात्म की जो गगा बहायी है उससे पता चलता है कि उसका जीवन कितना विशुद्ध एव चिन्तनशील था। वह अपनी ही आत्मा को सबोधित करती है और उससे जगत के सभी विकल्पो को त्याग कर अपने ही आत्म सुख का वरण करने के लिए कहती है। जब वह परमात्मा एव अपने मे भेद देखती है तो कहती है कि परमात्मा एव ससारी आत्मा एक ही देश के वासी हैं किन्तु दोनो मे इतना ही अन्तर है कि परमात्मा भेद ज्ञान रहित अपने आपको जानता है जबकि उसका आत्मा विवेक को भुला बैठा है। एक आत्मा सिद्धावस्था को प्राप्त हो गयी है जबकि उसकी आत्मा अभी शरीर बन्धन से मुक्त नही हुई है। एक पद मे वह कहती है—जब उसने तत्वो का श्रद्धान नही किया, अपने पराये

गजल, बधाई, कव्वाली, दोहा गजल, निहालदे, मल्हार तमाखू, जमाई की, मारवाडी, मीराबाई, बारह मासा, इन्द्र सभा, धमाल, पूर्वी, मरहठी, होली, नोटकी जैसे तत्कालीन प्रचलित चालो पर पदो की रचना करके उसने पदो को अधिक से अधिक लोक प्रिय बनाने का प्रयास किया है। कवयित्री का उद्देश्य केवल अर्हद् भक्ति था इसलिए वह चाहती थी कि जन साधारण पदो को भगवान् के सामने गाकर अपनी भक्ति प्रदर्शित कर अपना आत्म कल्याण करे ।

आभार

चम्पाशतक के प्रकाशन के लिये प्रबन्ध कारिणी कमेटी के के सभी सदस्यो एव विशेषतः मन्त्री श्री गेंदीलालजी साह एडवोकेट का आभारी हूँ जिनके आग्रह से इसका शीघ्र प्रकाशन हो सका है। मैं डा० महेन्द्रसागरजी प्रचण्डिया अलीगढ एव श्री चन्दालालजी टोग्या, जयपुर (सुपौत्र चम्पादेवीजी) का आभारी हूँ जिन्होने शतक की कवयित्री के सम्बन्ध मे कितने ही तथ्यो की जानकारी देने का कष्ट किया हैं।

इनके अतिरिक्त मैं अपने सहयोगी भा० अनूपचन्दजी न्यायतीर्थ, सुगनचन्दजी जैन एव प्रेमचन्दजी रावका का भी आभारी हूँ जिन्होने इसके सम्पादन एव प्रकाशन मे अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया है।

डा० कस्तूरचन्द कासलीवाल

——०——

पदानुक्रमणिका

क्र० स०	पद	पद स०

चाल—रेखता

(२)

तुम्हारी शान्ति यह मुद्रा, मेरे मन को लुभाती है।
सकल जञ्जाल को तजकर, निजातम लौ लगाती है ॥ टेक ॥

पदम अरु खडग आसन धर, नजर नासा पै आती है।
परिग्रह बिन नगन मूरत, निराकुल रस चखाती है ॥ तुम्हारी १ ॥

तिहारी वीतरागी छवि, विभावो को हटाती है।
इसी कारण तेरी भक्ति, मुझे निस दिन सुहाती है ॥ तुम्हारी २ ॥

तेरे दर्शन के करने से, विपति सब दूर होती है।
तुरत नस जाय एकीभाव,[1] जोहमसे विजाती[2] है ॥ तुम्हारी ३ ॥

कहू क्या आपकी महिमा, नहीं मति पार पाती है।
कहे कर जोडकर 'चम्पा' शरण गह शिर नवाती है ॥ तुम्हारी ४ ॥

---

१. एकान्त भाव—पदार्थों को एक ही दृष्टि मे देखने की क्रिया।
२. विजातीय—भाव—विपरीत स्वभाव वाले भाव।

★

चाल—रेखता

(४)

बिना जिन आपके स्वामी, नही कोई हमारा है ।
शरण तुम चरण की लीनी यही हमको सहारा है ॥
॥ टेक ॥

लखे तुम को जगत तारन, भवोदधि तरन के कारन ।
लही याते शरन स्वामी तुही सुख देन हारा है ॥
बिना जिन० ॥ १ ॥

तुम ही जग जाल के हरता, तुम ही शिव सुख के करता ।
तुम ही शिव[1]-रमन के भरता, तुम ही निज वोधि धारा है ॥
विना जिन० ॥ २ ॥

तुम्ही ज्ञाता तुम ही भ्राता, तुम ही हो जगत के त्राता ।
कहे 'चम्पा' विपत वन मे, तुम्ही सुख देन हारा है ॥
विना जिन० ॥ ३ ॥

---

१ मोक्ष लक्ष्मी

चम्पाशतक

चाल-रेखता

(१)

पडी मझधार मेरी नैया, उबारोगे तो क्या होगा ।
तरन तारन जगति पति हो, जु तारोगे तो क्या होगा ।। टेक ।।

फसा हू कर्म के फदे, पड़ा भवसिन्धु मे जाके ।
झकोले दुःख के निस दिन, जु काटोगे तो क्या होगा ।। पडी० १ ।।

चतुर गति भमर है जिसमें, भ्रमण की लहिर है तिसमे ।
पडा विधिवश जु मैं उसमे, निकारोगे तो क्या होगा ।। पड़ी० २ ।।

ये भवसागर अथाही है, मेरी है नाव अति झझरी ।
सुनो यह अरज तुम स्वामी, सुधारोगे तो क्या होगा ।। पड़ी० ३ ।।

यहा कोई है नही मेरा, मेरे रक्षपाल तुम ही हो ।
वही जाती मेरी किश्ती, निहारोगे तो क्या होगा ।। पडी० ४ ।।

शरण 'चम्पा' ने लीनी है, भमर में आगई नैया ।
मेरी विनती अपावन की, विचारोगे तो क्या होगा ।। पड़ी० ५ ।।

★

चाल–रामायण

(६)

ऐसी दशा कब होगी हमारी, जैसी दशा प्रभु जो तुम धारी ॥टेक॥

पदमासन वैराग बढावत, नासा दृष्टि महा अविकारी ।
वस्त्रशल्य[1] बिन नगन रूप धार, तज गृह वास भये वनचारी ॥
॥ऐसी दशा०॥१॥

आतम लीन देहसौं विरकत, निरखत शिव तिय वाट तिहारी
राग द्वेष बिन सोहनी सूरत, ध्यान मगन दीखत छविधारी
॥ऐसी दशा०॥२॥

मार वीर मद टार निवारन, क्रोध विकार महा दुखकारी
चिद सरूप दृग ज्ञान चरन के कारन तुम सब जग हितकारी
॥ऐसी दशा ॥३॥

और न चाह जगत की हमको, करदे शिवमग मारगचारी ।
यह जन तुम्हरो निश दिन गावत '[illegible] नई [illegible] गारी
[illegible] ४॥

चाल—बधाई

(८)

शशि वदनी तरुणी रमणी जहा गावत हैं मधुरे स्वररी ।
चलो आज आनन्द वामा घर री । टेक ॥

वामा जननी जगतपति जनमो, आनन्द छायो त्रिभुवनरी ।
वर्ण वर्ण मणि चूर सची तहा पूरत चोक प्रमोद भरीरी ॥
शशिवदनी० ॥ १ ॥

ताडव नृत्य करत सुरपति तहा, तान लेत तन तन तनरी ।
रुणझण रुणझुण नेवर वाजत, घुघरू वजत छम छम छमरी ॥
शशिवदनी० ॥ २ ॥

किन्नर जिन गुन गान करत है, वीन वजे मधुरे स्वर री ।
राजभवन मे दान वढत हैं, जाचक भये वनाकर री ॥
शशिवदनी० ॥ ३ ॥

अश्वसेन के पुत्र भयो है, पारस कहे पूजे सगरी ।
'चम्पा' वलिहारी वा दिन की, प्रगट भयो जग हितकारी ॥
शशिवदनी० ॥ ४ ॥

★

गजल

(१०)

श्री महावीर स्वामी जी, अचल शिवपुर पधारे हैं ।
शुकल धर ध्यान चौथे से, करम रिपु चूर डारे हैं ।
॥ टेक ॥

हुआ निर्वाण कल्याणक, श्री अतिवीर स्वामीका ।
सुरासुर आय कर कीना, महोत्सव वीर स्वामी का ।
भले सन्मति प्रभु मेरे, तुम्हारे नाम सारे हैं ॥
श्री महावीर ०॥ १ ॥

निकट पावापुरी नगरी, तहा से मोक्ष पाई है ।
भली कातिक वदी मावश, करम की जड नसाई है ।
दिवस धन आज का वह है, हुवा आनद हमारे है ॥
श्री महावीर ० ॥ २ ॥

निकस ससार के दुख से न फिर, जग माहि आते हैं ।
प्रभु दृग ज्ञान सुख वीरज, अनतानत पाते है ।
जगत के जाल को तज के, निजातम काज सारे हैं
श्री महावीर०

आपने तो निजानंद ले, वास शिवपुर में जा कीना
ये ही अरमान है स्वामिन, हमें प्रभु सग नहि लीना
कहे कर जोड कर 'चम्पा', शरण अब तुम्हारी निहारे है
महावीर ०

★

चाल–कव्वाली

(१२)

अरज सुनो प्रभु करुणापती, मुझे कर्मों ने आकर घेर लिया।
दर्शन ज्ञान जु लूट लिया, मुझे दीन बना कर जेल किया ॥
॥ टेक ॥

मोह का प्याला पिया जु दिया, मुझे तत्वो का बोध न होने दिया।
आतम शक्ति दवा जु दई, मुझे सशय के जाल मे डाल दिया ॥
॥ अरज सुनो० ॥ १ ॥

मेरे ज्ञान को घात अज्ञान किया मुझे स्वपर विवेक न होने दिया।
मिथ्यात के फदे फास लिया मुझे सम्यक् दर्शन न होने दिया ॥
॥ अरज सुनो० ॥ २ ॥

विधि[1] आठो ने आनि के घेर लिया, मैंने या ही से आनि पुकार किया।
तुमसे तो कहू तो कहू किससे, इन दुष्टो का नाश तुम्हीने किया।
॥ अरज सुनो० ॥३॥

दीन के नाथ दयाल प्रभू मैंने याही मे आपसे अर्ज किया।
मुझे कर्मों की जेल से काढो प्रभु, अब 'चम्पा' ने शरण तुम्हारा लिया ॥
अरज सुनो० ॥ ४ ॥

---

१ कर्म

गजल

(७)

जगतपति अरज यह तुमसे, करम हमको सताते हैं।
करो इनसे जुदा हमको, चतुर्गति मे भ्रमाते हैं॥
॥ टेक ॥

कर्मवश नर्क में जाकर, बहुत से दु:ख पाते हैं।
कोई छेदे कोई भेदे, कोई सूली घराते हैं॥
जगतपति० ॥ १ ॥

पशू गति में जो दुख पाये, न मख से कहे जाते हैं।
कोई मारे कोई ताडे, कोई फांसी झुलाते हैं॥
जगतपति० ॥ २ ॥

बालपन खेल मे खोया, जवानी मारी मन मोहा।
बुढापा देख कर रोया, मनुष भव यो गमाते हैं॥
जगतपति० ॥ ३ ॥

सुरग में देव होवे तव, भोग उपभोग सव भोगे।
मरण लख के विसुरे तव, करम इस विधि नचाते हैं॥
जगतपति० ॥ ४ ॥

भ्रमण से काढ जिन स्वामी, शरण 'चम्पा' ने लीनी है॥
अतुल महिमा तुम्हारी है, गणी[1] नही पार पाते हैं॥
जगतपति० ॥ ५ ॥

---

१ गणी—गणधर

दोहा—गजल

(१४)

अगर परमात्मा के ध्यान, करने की दिलासा है।
तो करलो ध्यान मूरति का, इसी का ये खुलासा है॥
॥ टेक ॥

राग द्वेष विन सोहनो, पदमासन थिररूप।
नासा दृष्टि विचार युत, आतम रूप अनूप॥
अनूपम रूप लख जिसका निजातम होत वासा है॥
॥ अगर० ॥ १ ॥

सव जग की प्रतिमा विकट, ज्ञान ध्यान धन हीन।
परमातम प्रतिमा ये ही, निज सरूप मे लीन॥
कटे हैं पाप दर्शन मे, हृदय आनद भापा है।
॥ अगर ० २ ॥

याते याका ध्येय कर, ध्यान करो गुणवान।
राग द्वेष मिट जाय सब, पावै पद निर्वाण॥
इन्हो के ध्यान करने मे, करम-गण होन नासा है॥
अगर ०॥ ३ ॥

चाल-वधाई

(६)

विघन हरन मरुदेवी के नदन आदीश्वर जिनराई ।
जाके चरण-कमल को निस दिन, सुरपति शीस नवाई ॥
॥ टेक ॥

तिहु जगनायक लायक ज्ञायक, सवही को सुखदाई ।
नाभिराय घर जनम लियो है त्रिभुवन आनन्द छाई ॥
विघन ०॥१॥

सची सहित सुरपति तहाँ आयो, अदभुत शोभ रचाई ।
ताडव नृत्य कियो सुरपति तहा, नख नख सुरी[1] नचाई ॥
॥विघन ०॥ २ ॥

रतनन चोक ज पूरि सची जव, आनन्द उर न समाई ।
किन्नर कर वर वीन वजावत, गावत श्रुत[2] सुखदाई ॥
विघन० ॥ ३ ॥

'चम्पा' धन्य घडी वा दिन की, त्रिभुवनपति उपजाई ।
मिथ्यातम के नाश करन कू, ज्ञान भान दरसाई ॥
विघन० ॥ ४ ॥

---

१. सुरी—देविया २. श्रुत—कान

दोहा—गजल

(१५)

अगर परमात्मा के ध्यान करने की विचारी है।
तो मूरत देख लो जिन की, अनूपम शांतिकारी है॥
॥ टेक ॥

राग द्वेष कामादि विन, भेष जास निर्ग्रंथ।
ता जिन की प्रतिमा विमल, निश दिन ध्यान धरत।
इसी का दर्श है भाई, वडा कल्याणकारी है॥
अगर० ॥ १ ॥

प्रकट शांति छवि विघन हर, मंगल करन अनूप।
सव सुख करन दुख हरन, आतम अनुभव रूप॥
कटैं हैं पाप दर्शन से, विपत सवही निवारी है॥
अगर० ॥ २ ॥

चाल-इन्द्र नारि करि करि सिंगार

(११)

हे दीनबन्धु जगपति उवार, भव सिन्धु माहि से लो निकार।
॥ टेक ॥

यह अगम अथाह पारवार, गति चार भमर जिसके मझार।
अब खेवटिया तुमको निहार, मैं शरन लही अब करो पार॥
॥ हे दीन बन्धु० ॥ १ ॥

तुम ही शरनागति अति उदार, हमरे जिनेन्द्र दुख टारटार।
मोहि देउ विमल कल्याण कार, सुखदायक ज्ञायक भाव सार॥
॥ हे दीनबन्धु ० ॥ २ ॥

तुम हो अनत गुण गण अपार, सब रागद्वेष दीने सुटार।
रिपु आठ करम दीने पछार, यातें शिवरमणी बनी नार॥
॥ हे दीन बन्धु० ॥ ३ ॥

मोहि दीन जान कर दया धार, दुख सागर ते मोहि तार तार।
शिव करो हरो मम विधि दुचार[1] 'चम्पा' यह अरज कहै पुकार॥
॥ हे दीन वन्धु ०॥ ४ ॥

---

१ अष्ट कर्म

चाल—गजल

(१३)

सकल सुख धरन मंगल करन, उत्तम शरण है ये ही।
श्री अरहत आदिक पूज्य पदवी, करन है ये ही ।।
।। टेक ।।

सव साराश जिनमत का, पदारथ एक है ये ही ।।
सुनो विज्ञान अरु वैराग्य मिल, निज भाव है ये ही ।।
।। सकल सुख ० ।। १।।

सजन जो चाहते हो तुम निपट कल्याण आतम का।
विचारो ज्ञान मिल वैराग्य, ये है भाव आतम का ।
।। सकल सुख ० ।। २ ।।

विना इसके कदाचित भी, सफल नाहिं काज आतम का।
सम्हालो हर समय दोनो जु, चाहो राज आतम का ।।
।। सकल सुख ० ।। ३ ।।

विना वैराग्य के कुछ ज्ञान की, शोभा नही पेखी ।
विना कुछ ज्ञान के वैराग्य की, महिमा नही देखो ।।
।। सकल सुख० ।। ४ ।।

इसी से इकट्ठे मिलते जहाँ, वो ही सुमारग है ।
पृथक रहते जहा 'चम्पा' तहा दोनो कुमारग हैं ।।
।। सकल सुख० ।। ५ ।।

चाल–निहालदे

(१६)

अब सुधि लीजे, जननी सरस्वती जी कोई ।
क्यू लगाई माता वार, शिव सुख दीजे आसा लग रही जी ।
अब सुधि ० ॥ टेक ॥

सुखपूरण दुख चूरणे, जी कोई तुम ही को न लखाय ।
धरि विभाव बहु दुख सहैजी, होजी कोई अब तुम शरण लहाय ॥
अब सुधि ० ॥ १ ॥

तुम जाने विन माता जी कोई, स्वपर विवेक न पाय ।
अब शरणो तुमरो लियो जी, हो जो कोई निज निधि देउ वताय ॥
अब सुधि० ॥ १ ॥

तुमरी भक्ति प्रसाद तें जी, कोई वहुत भये भवपार ।
चरण शरण मैंने लियो जो, ए जी कोई अव लो माता उवार ॥
॥ अव

जिनवानी सम जगत में जी, कोई और हि
सव जग स्वारथ सगो जी, कोई विन स्वारथ
अव

'चम्पा' मन वच काय तें ई सेवो
परस्वारथ कै कारणै उ लियो
अव

रागद्वेष अज्ञान ते, चेतन होय अरूज ।
नाश कियो इनको सुजिन, याते जिनवर पूज ॥
जिनो की भक्ति से भविजन, कटै भव वन का वासा है ॥
अगर० ॥ ४ ॥

जो तुम चाहो आतमा, निर्मल होय अनूप ।
तो निश दिन सुमिरन करो जिन प्रतिमा सुख रूप
इसी मे थापना जिनकी कहै 'चम्पा' खुलसा[1] है ॥
अगर० ॥ ५ ॥

★

---

१ निरासा- ख प्रति

गजल

(२१)

दिगम्बर भेष के धारी विरागी गुरु हमारे हैं ।
जिनो ने मोह तज तन का, निजातम काज सारे है ।
॥ टेक ॥

बडा यह कठिन मारग है, चलें जिम खडग धारा पर ।
धरें कोइ वीर जग विरले, तजैं कायर परीस्या[1] डर ॥
सहै दुख जो पडे तन पर, समरसी भाव धारे हैं ॥
दिगम्बर० ॥ १ ॥

विरागी है तो साचे इक, दिगम्बर भेष वारे हैं ।
विषय का लेश नही जिनके, मदन मद चूर डारे है ॥
बडे हैं धीर जग सोई, जिन्होंने व्रत सम्हारे हैं ॥
दिगम्बर० ॥ २ ॥

बडा यह सुगम मारग है, निजातम ध्यान धरने को ।
जहा सुध है नही तन की, जगत की बात करने को ॥
कहे 'चम्पा' जिनो ने काज, आतम के विचारे हैं ॥
दिगम्बर० ॥ ३ ॥

---

१ परीस्या—परीषह-कषायो को जीतना परीषह कहलाती है ।

गजल

(१६)

हुकम जिनवानी का हमको, बजाना ही मुनासिब है।
विसन सातो महा दुख कर, हटाना ही मुनासिब है॥
॥ टेक ॥

जनम मिथ्यात मे इनका, महा परणाम है खोटा।
नही सम्यक्त मे इनका, जताना ही मुनासिब है॥
हुकम० ॥ १ ॥

जहा विसनो का सेवन है, तहा सम्यक्त का कहना।
विषय विष खाय कर जीना, न कहना ही मुनासिब है॥
हुकम० ॥ २ ॥

नाम के जैन भी, सातो विसन से दूर रहते है।
वृथा सम्यक्त धारी के, बताना ही मुनासिब है॥
हुकम० ॥ ३ ॥

अधिकतर पाप प्रकृत्यो का, विसन मे बन्ध होता है।
नही सम्यक्त मे उनका, बताना ही मनासिब है॥
हुकम० ॥ ४ ॥

किसी आशय न समझे से, वचन का हठ नही 'चम्पा'॥
समझ और सोच कर हठ को, हटाना ही मुनासिब है।
हुकम० ॥ ५ ॥

★

गजल

(२३)

वे गुरु विरागी कब मिलेंगे, तरन तारन वीर।
सबोध के मोहि देहि दिक्षा, जो मिटै भव पीर ॥
॥ टेक ॥

ससार विषम अपार बन मे, भटकते बहु काल ।
बीतो अधिक दुख भोगते तहाँ, भारी विपत विशाल ॥
उन दुखन कौ कर चिंतवन मुझे, भिदे मरम सरीर ॥
वे गुरु ० ॥ १ ॥

दुख रूप है नही सुध रही कुछ तन लखो निज सोय ॥
ताही सुतन मे मगन है करि विषय सुख मे मोप ॥
भूलो निजातम ज्ञान धन सुख रूप अचल गहीर ॥
वे गुरु ० ॥ २ ॥

वैराग भावन तप उपावन, तै विरचि अकुलाय ।
ससार ही को बीज बोयो, जमी सो दुखदाय ॥
शिव हेत दर्शन ज्ञान चारित तजो दुख जल तीर ॥
वे गुरु ० ॥ ३ ॥

यो भूल मेरी भई जो कुछ, कहू कहा तक सोय।
ताही मिटावन, हेत सतगुरु, और नाही कोय ॥
'चम्पा' जगत मे प्रिय वचन तें, हरे जग की भीर
वे गुरु ० ॥ ४ ॥

चाल–आई नारि करि सिंगार

(१८)

जिनवानी जग विख्यात सार, कर सुविचार सम्यक्त धार ।
॥ टेक ॥

यह मिथ्यातम को हरनहार, सम्यक् रवि जोति उद्योतकार ।
जिमि वचन किरण फैली विथार, भव जीव कमल बोधन अपार ॥
॥ जिनवानी ० ॥ १ ॥

वनसघन कुबोध कुठार धार, यह सुमति सुबोध सुधा अपार ।
सब दुरगति दुख सुख देत छार, शुभगति शुचि करत कुमार मार ॥
॥ जिनवानी ० ॥ २ ॥

चिर पर परणति को देत टार, निज परणति सन्मुख कर विहार ।
मुनिगणधरादि सेवत अपार, जिस गुण गण को नही पारवार ॥
॥ जिनवानी ० ॥ ३ ॥

वच स्यादवाद मुद्रित सुढार, जिन सप्तभगमय किय प्रचार ।
षट द्रव्य पदारथ नव प्रकार, तिन प्रगट किये गति भेदचार ॥
॥ जिनवानी ० ॥ ४ ॥

भव जीवन की प्रतिपालकार, जिन आनन प्रगटी जगमभार ।
'चम्पा' ने शरणो लियो विचार, दुख-जलतें माता दे उतार ॥
॥ जिनवानी ० ॥ ५ ॥

★

चाल—मल्हार

(२५)

चरण शरण मोहि दीजिये अरज यही महाराज
। टेक० ॥

चिन्तामन तुम कलपतरु, कामधेनु सुन नाम ।
आयो तुम पद कलपतरु, कामधेनु सुभ भान ॥
कामधेनु अविचल अमृत धन, काया सर्व सुजान ।
आयो तुम ढिग हे प्रभु, हरो विभाव अकाम ॥
चरण० ॥ १ ॥

धरि विभाव बहु दुख लहे, सब तुम जानत सोय ।
फिर फिर धरत विभाव को, कारज केहि विधि होय ॥
चरण ॥ २ ॥

तेरे सुमरन जापते, दुखद विभाव पलाय ।
तातें तेरी भक्ति ही, सब विधि सरन सहाय ॥
चरण० ॥ ३ ॥

मात तात सुत सजन जन, स्वारथ सगे विचार ।
बिन स्वारथ तुमही सगे, और न कोई निहार ॥
चरण० ॥ ४ ॥

भई चाह निज रूप की, सो दीजे जिनराज ।
'चम्पा' चाह न आन की, कीजे मेरो काज ॥
चरण० ॥ ५ ॥

गजल

(२०)

मिलेंगे कब गुरू हमको, जु साचे वीतरागी हैं ।
जिनो की शान्ति छवि निरखे, विपत सब दूर भागी है ॥
॥ टेक ॥

करें तप घोर तन बल जोर, जग मे वीर ठारे हैं ।
सहें दुख जो पडे तन पर, समरसी भावधारे है ॥
नही कुछ दूसरा अनुभव, निजातम प्रीत लागी है ॥
मिलेंगे० ॥ १ ॥

जिनो का ध्येय आतम है, लगी है लौ जहा जिनकी ।
नही कुछ खबर बाहर की, सुरति निज मे लगी तिनकी ।
इसी चित् ध्यान केवल तें, चिदानद ज्योति जागी है ॥
मिलेंगे० ॥ २ ॥

खडे शत इन्द्र चरणो मे, जिनो की आस करते हैं ।
देउ निज बोध हमको भी, यही अरदास करते हैं ॥
निरख जिस शान्ति मुद्रा को, सहज होते विरागी हैं ॥
मिलेंगे० ॥ ३ ॥

कहै 'चम्पा' जिन्होंने काज आतम के सम्हारे हैं ।
जगेंगे भाग हमरे तब मिले, जब गुरु हमारे हैं ।
दरस कब होयगा जिनका, यही लौ मेरे लागी है
मिलेंगे० ।

चाल—निहालदे

(२६)

प्रभुजी मोहि पार उतारिये जी कोई मैं डूवत भवपार ।
भक्ति भाव धरि भावना कोई भाऊं द्वादश सार ॥
॥ टेक ॥

देह स्वजन और संपदा, थिर नही दीसत कोय ।
थिर प्रभु तेरी भक्ति है, यातें थिर पद होय ॥
प्रभु० ॥ १ ॥

या संसार असार मे, शरण सहाय न कोय ।
एक तिहारी भक्ति ही, शरण सहाई होय ॥
प्रभु० ॥ २ ॥

जगत जाल दुख कर भरी, सुख कौ नही लवलेश ॥
आकुलता विन भक्ति तुम, जो सव हरे कलेश ॥
प्रभु० ॥ ३ ॥

एक अकेलो आतमा, निज सुव वुध सव खोय ।
भ्रमत फिरे तुम भक्ति विन, सग न दूजो कोय ॥
प्रभु० ॥ ४ ॥

निज आतम विन और सव, जिते पदारथ आन ।
तुम शासन जाने विना, लिये जो अपने मान ॥
प्रभु० ॥ ५ ॥

रेख्ता

(२२)

आतम ज्ञेय जान्यो, मुनिवर, आतम ध्येय बनायो।
राग द्वेष सब छांडि ध्यान कर, ताही में लौ लायो॥
॥ टेक॥

तन सम्बन्ध त्याग सब परिग्रह, गिरि वन वास करायो।
भेष दिगम्बर आस न अवर, कठिन पंथ उर लायो॥
मुनिवर आतम०॥ १॥

याही के बल घोर परीषह[1] सहत न रंच डिगायो।
हिम सरवर पावस तरुवर तर ग्रीषम गिर सिर धायो॥
मुनिवर आतम,०॥ २॥

तप के हेत देह कृष कीनो आतम सिद्ध करायो।
ऐसे गुरु के चरण कमल को 'चम्पा' शीस नवायो॥
मुनिवर आतम०॥ ३॥

१ मूलपाठ—परीस्या

ख्याल—मारवाडी

(२६)

नाथ मेरी अर्ज़ी सुन लेना, नाथ मेरी अर्जी सुन लेना।
मैं तुम चरणो की दास, नाथ मोहि शिवरमणी देना।।
।। टेक ।।

तीन लोक तिहु काल मे जी, तुम ही हो सिरमोर।
यातें मैं पायन पडू सु जी, चितवो मेरी ओर।।
नाथ मेरी० ।। १ ।।

भवदधि मे डूवत मुझे सु जी, कही न पायो पार।
तुम ज्ञायक लायक प्रभु जी, अब के लेउ उवार।
नाथ मेरी० ।। २ ।।

भ वर माहि मैं आगयो सु जी, कोई न सुनै पुकार ।।
'चम्पा' तुमपद गह रही सु जी, जल्दी लेउ निकार।
नाथ मेरी० ।। ३ ।।

मैं डूवत अति दीन तुम सुजी दीनन के प्रतिपाल ।
'चम्पा' अर्जी कर रही सु जी, भवदुख तै सु निकाल।।
नाथ मेरी० ।। ४।।

चाल गीता छंदः

(२४)

धन धन्य है मुनिराज ते, गृह छाडि कर वन को गये।
सव ग्रन्थ तजि निरग्रन्थ के, निज भाव मे रमते भये ॥
॥ टेक ॥

गृह जाल अति विकराल विषम अथाह दुख को भर रहे।
इसमे न हित की वात कुछ, छिन २ विपति को सह रहे ॥
धन धन्य है० ॥१॥

ऐसी गृहाश्रम की अवस्था, देखि चित विरकत थये ।
जिय भूल सक्ट मे परे, निज रूप तजि पर वश भये ॥
॥ धन धन्य ॥ २ ॥

इम चिंतवन कर सव तजे पर ध्यान आतम लग रहे।
ऐसे गुरू तारन तरन 'चम्पा', धरत सिर धर नये॥
धन धन्य ॥ ३ ॥

हिंसादि पाप अनेक का गृह काज अघ मे फस रहे ।
ऐसे जन की दशा विकट, निहार निज मे थिर थये ॥
धन धन्य ॥ ४ ॥

चाल–मीराबाई

(३१)

करम म्हारो काई करसी जी, म्हारे परमेष्टी आधार ।
॥ टेक ॥

जनक सुता के धीर्ज कारने अग्नि कुण्ड भयो त्यार ।
सीताजी श्री जिनवर सुमिरे, अग्नि भई जलधार ॥
करम म्हारो० ॥ १ ॥

पवनजय की नारि अजना, घर तैं दई निकालि ।
बनी माहि श्री जिनवर सुमरे, पुत्र भयो वलधार ॥
करम म्हारो० ॥ २ ॥

कलश माहि सासू मिथ्यामत, दीनो साप जु घाल ।
सोमा ने परमेष्टी सुमरे होगई फूल वर माल ॥
करम म्हारो० ॥ ३ ॥

राय दुसासन चीर जू खैचो भरी सभा मे जोय ।
द्रोपद ने प्रभु तुम पद सुमरे, वढो चीर अति सोय ॥
करम म्हारो० ॥ ४॥

जयकुमार गज ग्राह दुष्ट ने पकडो गग मझार ।
तिय सलोचना श्री जिन सुमरे, सती–पति होगये पार ॥
करम म्हारो० ॥ ५ ॥

देह अशुचि शुचि है नही, शुचि है आतम शक्ति ।
ताके अवलम्बन विषै कारण तुमरी भक्ति ॥
प्रभु० ॥ ६ ॥

विधि आवन कौ हेत है, राग द्वेष अरु योग ।
वीतराग छबि देखि तुम, तिनको होत वियोग ॥
॥ प्रभु० ॥ ७ ॥

दुःख हेत आवत रुके शांति भाव जब होय ।
शाति भाव के करन को दरश तुम्हारो जोय ॥
॥ प्रभु० ॥ ८ ॥

चाह दहै तप होत है, तप ते विधि झर जाय ।
वीतराग तुम चाह बिन, निरखत चाह नशाय ॥
॥ प्रभु ॥ ९ ॥

मेरो हितकर लोक मे कोई न दीखे मोय ।
सुख करता तुम ही लखे यातें पूजू सोय ॥
॥ प्रभु० ॥ १० ॥

दुर्लभ या ससार मे, तुमरो शासन ज्ञान ।
भक्ति तिहारी किये विन, केम मिले भगवान ॥
प्रभु० ॥ ११ ॥

धर्म धर्म सब जग कहे, मरम न जा
धर्म एक निज भाव है, तुम दर्शन
प्रभु

भक्ति भाव प्रभु थुति ८ ।
'चम्पा' सफल फलौ वैराग्य
प्रभु०

चाल—बारह मासा

(३२)

सनमति जिन राई, पांवापुर से मोक्ष लहाईया ।
मोह करम को घात, प्रभु जी कर्म घातिया घाते ।
केवल ज्ञान उद्योत भयो जव, वस्तु सवै लखाईया ।।
।। टेक ।।

समोसरन रचना सुर कीनी, शोभा कही न जाय ।
मानस्थभ अशोक वृक्ष जहा, नाटक साल वनाइयां ।।
सनमति० ।। १ ।।

अ तरीक्ष जिनराज विराजै, चौसठ चँवर ढुराईया ।
तीन छत्र त्रिभुवन मन मोहै, भामडल छवि छाइया ।।
।। सनमति० ।। २ ।।

चारतीस अतिशय जुत राजत दोप अठारह नाही ।
अनक्षरी ध्वनि प्रभु की उछरी भविजिय पुण्य वसाईया
सनमति० ।। ३ ।।

गणधर जी ने झेल जु लीनो द्वादशाग में गूथि ।
नय प्रमाण निक्षेप आदिकर मोक्ष मारग दरसाइया ।।
।। सनमति० ।। ४ ।।

जोग निरोध जु कियो प्रभु जी शेष अघातिया घाते ।
एक समय विच मोक्षमहल मे, शिवरमणी को पाइया ।।
।। सनमति० ।। ५ ।।

देह अशुचि शुचि है नही,
ताके अवलम्बन विषै का

विधि आवन कौ हेत है,
वीतराग छबि देखि तुम,

दुःख हेत आवत रुके शांति
शाति भाव के करन को दर

चाह दहै तप होत है, तप ते
वीतराग तुम चाह विन, निरख

मेरो हितकर लोक मे कोई न
सुख करता तुम ही लखे यातें

॥

दुर्लभ या ससार मे, तुमरो श
भक्ति तिहारी किये विन, केम मिले

प्र

धर्म धर्म सब जग कहे, मरम न जा
धर्म एक निज भाव है, तुम दर्शन

प्रभु०

भक्ति भाव प्रभु थुति करी, द्वादश भाव
'चम्पा' सफल फलौ सदा, जौ वैराग्य स

प्रभु०

दोहा

(३३)

चम्पा निज कल्याण की, जिनके वाछा होय ।
जिनवानी के ग्रहण की, करो प्रतिज्ञा सोय ॥
करो प्रतिज्ञा सोय, तुम ब्रह्मा तुम विश्नु सिव,
कोई वुद्ध ईस जगदीस ।
तुम उपदेश दियो विमल, ग्रातम को हित ईस ॥
॥ टेक ॥

होत हितैषी सव जगत, स्वारथ के वश होय ।
विन स्वारथ इस जगत मे, सगो न साथी कोय ॥
तुम ब्रह्मा० । १ ॥

पूज्य जगत मे है वही, जो हित करता होय ।
विन हित करता स्वारथी, ताहि न पूजै कोय ॥
तुम ब्रह्मा ० ॥ २ ॥

विन स्वारथ तुम ही प्रभु, जिय को हित उपदेश ।
दिये ग्रनन्ते काल ज्यो, सुख थिर होय विशेप ॥
तुम ब्रह्मा ० ॥ ३ ॥

तुम उपदेश चितारि कै, सुखी होत यह जीव ।
यह उपकार कियो वडो, यातै पूज्य ग्रतीव
तुम ब्रह्मा ० ॥ `

सव जग देखो टोय के 'चम्पा' जगत
तुम सम ग्रौर न दूसरो, सिव सुख को-
तुम

चाल—निहालदे

(३०)

पूज्य जगत मे तुम धनी जी, तुम सम और न कोय ।
तातै शरना मैं लई जी सरन सहाई होय ॥
पूज्य जगत० ॥ टेक ॥

सकल पदारथ बोध लहै, सकल कियो उपदेश ।
निकल राग अरु द्वेष तै निकल भये परमेश ॥
पूज्न जगत० ॥ १ ॥

विकल भयो अर्जी करू, विकल करो जगदीश ।
विकलपना तुम मे भई, विकल सकल जगदीश ॥
पूज्य जगत० ॥ २ ॥

शाति छवि जिन आपकी, पदमासन सुख रूप ।
आतम मे लौ लग रही, महिमा अधिक अनूप ॥
पूज्य जगत० ॥ ३ ॥

जगत जीव दुख रूप लखि, दियो सु हित उपदेश ।
जगत हितैषी तुम भये, यातै पूज्य विशेष ॥
पूज्य जगत० ॥ ४ ॥

तुम आतम हित करत हौ, काल अनन्तो जोय ।
पूज्य हितैपी हो तुही और न दूजा कोय ।
पूज्य जगत ॥ ५ ॥

'चम्पा' रीति अनादि यह नाहि सिखावै कोय ॥
अपना विरद सम्हालिये तारन तरन ज़ होय ॥
पूज्य जगत० ॥ ६ ॥

चौबोला

(३५)

जिन वचनन की थापना, यह पुस्तक आकार ।
जो जिन की जिन बिंब मे, रंच न भेद लगार ॥
रच न भेद लगार, दुहूं में दोनो ही हितकारी ।
जो माता सरस्वती नही होती अब इसकाल मझारी ॥
जिन प्रतिमा नही प्रगट करे थी शिव मारग सुखकारी ।
पूज्य यातें जग मानी, तरण तारण जिनवानी ॥
जगत मैं सार यही है,
याकी अविनय करे, भूल से ते जन जैन नही है ॥

मैनासुन्दरि राजसुता को, कोढी दीयो व्याय ।
सिद्धचक्र की पूजा कीनी, कचन होगई काय ॥
करम म्हारो० ॥ ६ ॥

सेठानी ने सती चदना, दई जेल मे डाल ।
महावीर के दर्शन कीने, कटी बध ता काल ॥
कर्म म्हारे० ॥ ७ ॥

इत्यादिक जिन सुमरन सेती सकट कटे अपार ।
'चम्पा' कहत बसो उर मेरे, पच परम गुरुसार ॥
कर्म म्हारे० ॥ ८ ॥

चौबोला

(३७)

नित प्रति पूजन कीजिये, महा विनय चितधार ।
विनय सहित लिखवाइये, पढिये विनय विचार ॥
पढिये विनय विचार जासु को विनय धर्म को धारी ।
विनय मूल हैं सब धरमनि को, ये जिनराज उचारी ॥१॥

विनय नसत है षट् धरम गृही के, नास होत अविकारी ।
धर्म नसत अवशेष रह्यो क्या, बुधजन करो विचारी ॥
.. .. अमृत सम ये जान गहीजे ।
जो राखोगे मान तिनो की, सरस्वती वानि भनीजे ॥ २ ॥

卐

ये निर्वाण कल्याण आज दिन, उत्सव उर न समायो ।
इन्द्रादिक सुर असुर जु आये विधि सस्कार कराइया
॥ सनमति० ॥ ६॥

कार्तिक वदि मावस के तडकै, नरनारी मिल आये ।
अष्ट द्रव्य से पूजा कीनी, लाडू दिये चढाइया ॥
सनमति० ॥ ७ ॥

धन्य घडी अर धन्य यह वासर, धन्य साल सुखकारी
जैन धर्म जयवन्त जगत मे, 'चम्पा' निज हितकारी
सनमति जिन ॥ ८ ॥

चौबोला

(३९)

भविक जन तव जिय काज सरेंगे,
विना ग्रहण ससारसमुद्र ते, पार नही उतरेंगे ।
याते मन वच काय लाय, थिर याको नमन करेंगे ॥
तेही लहै मोक्ष का मारग, नहि निगोद विचरेंगे ॥१॥

दौड रैन दिन सेवा कीजे, इसी को कठ धरीजे ।
जे सुनय वचनामृत पीजे ॥
या विन तिरो न कोय जगत मे, शासन साख भनीजे ।
भविक जन ॥२॥

चाल—इन्द्र नारि करि सिगार

(३४)

जबूस्वामी जिनराई मोहि दर्शन द्यो सुखदाई ।
मन वच तन सीस नवाई, पूजो नित प्रति हरखाई ॥
॥ टेक ॥

नगरी राजगृह माही है, अरहदास सुखदाई ।
तिस घर जन्मे तुम आई, तज राज छोड वन जाई ॥
जम्बूस्वामी ० ॥ १ ॥

तुम वारह भावन भाई, लियो महाव्रत सुखदाई ।
तुम घाति घात दुखदाई, प्रभु केवल लक्ष्मी पाई ॥
जम्वूस्वामी ० ॥ २ ॥

भवि जीवन पुन्य वसाई, तुम शिव मारग दरसाई ।
फिर शेष अघाति खपाई, शिव[1] रमणी जाय लहाई ॥
जम्वूस्वामी ० ॥ ३ ॥

मथुरा पच्छिम दिस भाई, निर्वाण क्षेत्र तहा जाई ।
'चम्पा' वदे सिर नाई, तुम चरणो मे लौ लाई ॥
जम्वूस्वामी ० ॥ ४ ॥

---

१ मोक्ष रूपी लक्ष्मी

दर्शन तुमरे तें, निज स्वभाव की सुधि भई।
पर परणति छूटी, वह सरधा उर दृढ भई॥
मेरो मन चचल तोहि छोडि इत उत फिरै।
याही तै माता फिर फिर दुख सागर गिरे॥
जिनवानी०॥ ४॥

तन ही निज मानो, चिद भूलो भ्रम बस पडो।
तै भेद वतायौ, यह उपकार कियो वडो॥
उपकार न भूलो, विनय करू चित लाइ कै।
मैं पूजू ध्याऊँ, सिंहासन पधराइ कै॥
जनवानी०॥ ५॥

गज छाग भुजगी सिंह स्याल कुकर्ट दुखी।
जिन जिन तुम सुमरी, तेई भये अनुपम सुखी॥
तू साची माता दे सव विधि वसु तोडि कै।
'चम्पा' गुण गावै, अरज करै कर जोडि कै॥
जिनवानी०॥ ६॥

*

चौबोला

(३६)

सुर नर पशुपति यति-मरणी याकी सेव करत।
या सम पुज्य न दूसरो याके चाकर सत ॥
याके चाकर सत, सत जिन आगम को समझायौ।
ता आतम को अनुभव कर करम बध छिटकायो ॥
सहस छयानवै चतुर नारि मिल जिनको मन न लुभायो।
नव निधि चौदह रतन छाडि जिन अजर अमर पद पायो ॥
पूज्य यातै जिनवानी, यही सतन-मन मानी ।
इसी का ध्यान धरीजे ॥
छोडि सकल भ्रम जाल, जासु की नित प्रति पूजन कीजे ॥

दूर करन अपराध को, और न समरथ कोय।
वीतराग तुम एक ही, निरपराध कर सोय ॥
मै परणामी० ॥ ७ ॥

हा हा डूबो जात हूँ धरि विभाव दुख रूप ।
मेरे घट निज भाव का, करो प्रकास अनूप ॥
मैं परणामी० ॥ ८ ॥

कहा करू कित जाऊ मै, सब जग देखो टोय ।
जग विभाव मैं फस रह्यो, कारज किहि विधि होय ॥
मैं परणामी० ॥ ९ ॥

पाय पडत हा हा करत, सरनागत प्रतिपाल ।
मुझ विभाव को दूर कर, हे प्रभु दीन दयाल ॥
मै परणामी० ॥ १० ॥

मुझ दुख वाधा करन को, जो विभाव मुझ लार ।
ते सब तुमरी भक्ति तै, मुक्ति होय दुखकार ॥
मैं परणामी० ॥ ११ ॥

देव अनेक निहारियो, सब विभाव युत भ्राति ।
तजि विभाव आतम रचे, तुम विराग छवि शांति ॥
मैं परणामी० ॥ १२ ॥

जो विभाव मे फंसि रहे, रागद्वेष मल लीन ।
निज जन को कैसे करे, निरमल शुद्ध प्रवीन ॥
मैं परणामी० ॥ १३ ॥

यह प्रतीति धरि सब तजे, देव विविध प्रकार ।
वीतराग तुम शरन हो, आयो शांति निहार ॥
मैं परणामी० ॥ १४ ॥

चौबोला

(३८)

जो याकी अविनय क्रिया, करै करावै भूल ।
ते जैनी जैनी नही, जिनमत के प्रतिकूल ॥
जिनमत के प्रतिकूल जिन्हो की, भूल बडी है भारी ।
चार ज्ञानधारी गणधर से, याके पूज्य पुजारी ॥१॥

ता माता की विनय लोपनी, क्रिया करे अघकारी ।
अ त विपाक विसम है याके, करिये काज विचारी ॥
पूज्य की पूजा कीजे, मान तिस को रख लीजे ।
.....कुमति को दूर करीजे ॥

यह जिनमत की चाल सदा की, ताको नाहि तजीजे ॥२॥

मात तात सुत सजन जन, स्वारथ सगे विचार।
विन स्वारथ तुम ही सगे, और न कोई निहार॥
मैं परणामी० ॥ २१॥

भई चाह निज रूप की, सो दीजे महाराज।
और चाह कुछ ना मुझे, कीजे मेरो काज॥
मैं परणामी० ॥ २२॥

चिन्तामणि तुम कलपतरु, कामधेनु सुन नाम।
आयो तुम ढिग हे प्रभु, हरो विभाव अकाम॥
मैं परणामी० ॥ २३॥

आप निकसि जग जाल तै, मुक्त भये निज ठोय।
औरन के दुःख हरन को, तुम ही समरथ सोय॥
मैं परणामी० ॥ २४॥

तुम अनेक उपमा धनी, आतम लीन अखीन।
और जगत वासी जिते, विषयन मै लवलीन॥
मैं परणामी० ॥ २५॥

परम शांति मुद्रा लिये, वीतराग सुखरूप।
निज आतम लौं लग रही, नासा दृष्टि अनूप॥
मैं परणामी० ॥ २६॥

चाल–गीत मारवाडी

(४०)

जिनवानी माता अरजी तो मेरी सुन लीजिये ।
॥ टेक ॥

निपट अयानी चहुगति मे भ्रमतो फिरो ।
तुम पास न आयो, तातें भवसागर परो ॥
मैं चहुगति मे ही, काल अनन्त दुख सहे ।
इक स्वास मझारी, जनम मरन नव दुख लहे ॥
जिनवानी माता० ॥ १ ॥

तेरे विन माता स्व–पर विवेक न मैं लहो ।
पर को अपनायो तजि, स्वरूप गहो ॥
यह भूल हमारी तोहि, दी ... कै ।
क्या हो पछिताये, काल

मुझ भूल
गुरु वहु सम
अव भाग्य
दुठ कर्म

पद

(४२)

प्रभुजी ! तुम आतम ध्येय करो ।
सब जग जाल तने विकलप तजि, निज सुख सहज वरो ।
॥ टेक ॥

हम तुम एक देश के ही वासी, इतनौ ही भेद परौ ।
भेद ज्ञान बिन तुम निज जानो, हम विवेक विसरो ॥
प्रभुजी० ॥ १ ॥

तुम निज राच लगे चेतन मे, देह सनेह टरो ।
हम सम्बन्ध कीयो तन धन से, भव बन विपति भरो ॥
प्रभुजी० ॥ २ ॥

तुमरी आतम सिद्ध भई प्रभु, हम तन बन्ध धरो ।
यातै भई अधोगति म्हारी, भव दुख अगनि जरो ॥
प्रभु० ॥ ३ ॥

देखि तिहारी शाति छवी को, हम यह जान परो ।
हम सेवक तुम स्वामी हमारे, हमहि सचेत करो ॥
प्रभु० ॥ ४ ॥

दर्शन मोह हरी हमरी गति, तुम लख सहज टरो ।
'चम्पा' शर्न लई अब तुमरी भव दुख वेग हरो ॥
प्रभु० ॥ ५ ॥

---

१ मूल प्रति मे धेय पाठ है ।

चाल—इन्द्र सभा

(४१)

मैं परणामी परणमू, धरि विभाव पर जन्म ।
याही तै भव दुख सहू; हेतु न कर्त्ता अन्य ॥
मै परणामी ० ॥ १ ॥

करि विभाव पुदगल विषै, लियो विभाव प्रसग ।
तातै भयो विभाव गुण, सतति रूप अभग ॥
मै परणामी ० ॥ २ ॥

याही तै भव वन भ्रमौ, काल अनतानत ।
यह मेरो अपराव सव, तुम जानत भगवत ॥
मै परणामी ० ॥ ३ ॥

मे करता मै भोगता, मेरे किये विभाव ।
तिस छेदन उपदेश सुन, तुमरो शरन लखाव ॥
मै परणामी ० ॥ ४ ॥

ता विभाव के नास को, तुम कारण जगदीश ।
यातै शरनागति लही, हरि विभाव मुझ ईश ॥
मैं परणामी० ॥ ५ ॥

मे अपरावी अति विकट, फिर फिर करि अपराव ।
पर विभाव मे फस रहो, छांडत नाहि उपाधि ॥
मैं परणामी० ॥ ६ ॥

पद

(४२)

प्रभुजी ! तुम आतम ध्येय करो ।
सब जग जाल तने विकलप तजि, निज सुख सहज वरो ।
॥ टेक ॥

हम तुम एक देश के ही वासी, इतनौ ही भेद परौ ।
भेद ज्ञान विन तुम निज जानो, हम विवेक विसरो ॥
प्रभुजी० ॥ १ ॥

तुम निज राच लगे चेतन मे, देह सनेह टरो ।
हम सम्वन्ध कीयो तन धन से, भव वन विपति भरो ॥
प्रभुजी० ॥ २ ॥

तुमरी आतम सिद्ध भई प्रभु, हम तन वन्ध धरो ।
यातें भई अधोगति म्हारी, भव दु.ख अगनि जरो ॥
प्रभु० ॥ ३ ॥

देखि तिहारी शाति छवी को, हम यह जान परो ।
हम सेवक तुम स्वामी हमारे, हमहि सचेत करो ॥
प्रभु० ॥ ४ ॥

दर्शन मोह हरी हमरी गति, तुम लख सहज टरो ।
'चम्पा' शर्न लई अव तुमरी भव दुख वेग हरो ॥
प्रभु० ॥ ५ ॥

---

१ मूल प्रति मे धेय पाठ है ।

कहा करूँ कहाँ जाऊँ मैं, हे जिनेन्द्र जग ईश ।
मेरे कारज करन कौं, तुम प्रभु विस्वाबीस ॥
मैं परणामी० ॥ १५ ॥

मैं अशक्ति अति दीन मैं, अधम पतित दुख रूप ।
पतित उधारन तुम छते, मैं डूबत भव कूप ।
मैं परणामी० ॥ १६ ॥

मै इकलौ भव बन विषै, कोइ न शरन सहाय ।
शरन सहायी तुम लखै, लीनी शरना आय ॥
मैं परणामी० ॥ १७ ॥

मेरी अर्ज निहारिकै, कीजे मेरो काज ।
जो विभाव तजि शिव लहो, पाऊँ निज पद राज ॥
मै परणामी० ॥ १८ ॥

धरि विभाव बहु दु.ख लहे, सब तुम जानत सोय ।
फिर फिर धरत विभाव को, काज किहि विधि होय ॥
मै परणामी० ॥ १९ ॥

तेरे सुमरण जाप तें, दुखद विभाव पलाइ ।
ताते तेरी भक्ति ही, सब विधि शरन सहाय ॥
मै परणामी० ॥ २० ॥

पद

(४४)

अजी महाराजा दीन दयाल, अरज सुन सरनागत प्रतिपाल ।
॥ टेक ॥

एजी निज कारज साधक लखे सजी, तुम गुण अगम अपार ।
एजी मेरी बाधा हरो प्रभु जी, मैं रही पुकार पुकार ॥
अजी० ॥ १ ॥

एजी कहाँ जाऊ मै, क्या करू सुजी हे जिनेन्द्र जगईश ।
एजी मेरे कारन करन को सुजी, तुम प्रभु विस्वावीस ॥
अजी० ॥ २ ॥

एजी मै अशक्त अति दीनहू सुजी, अधम पतित दुख रूप ।
पतित उधारन तुम छतै सुजी, मै डूबत भव कूप ॥
अजी० ॥ ३ ॥

एजी मै इकिली भववन विषै सुजी,
कोइयन सरन सहाय ।
सरन सहाई तुम लखे सुजी, लीनो सरना आय ॥
अजी० ॥ ४ ॥

एजी 'चम्पा' अरजी कर रही सजी कीजे मेरो काज ।
जो विभाव तजि शिव लहु सुजी, पाऊ निज पद राज ।'
अजी महाराजा० ॥ '

इसी तरह का पद पहिले ४१ संख्या पर आ चुका है तक के अन्तरे प्राय: समान हैं ।

बधाई–पूर्वी

(४६)

प्रभु तुम दीन दयाल वामाजी के लाल सभी के प्रतिपाला जी।
प्रभु जन्मे है पारसनाथ पुरो जी मेरी आस शरण मे आयाजी ॥
॥ टेक ॥

गर्भ माहि जिन आये रतन वरसाये जी।
प्रभु षट् मास मझार आनद–धन छाये जी॥
प्रभु तुम दीन ० ॥ १ ॥

इन्द्र अवधि करि जानी जन्म जिन लीनाजो।
प्रभु जी मेरु सिखर लै जाय न्हवन सुर कीना जी॥
प्रभु तुम दीन० ॥ २ ॥

वारह भावना भाय अथिर जग जान्यो जी।
प्रभु जी त्याग्यौ है राज समाज महाव्रत धार्योजी॥
प्रभु तुम दीन ० ॥ ३ ॥

सुकल ध्यान धरि घाति घातिया सारे जी।
केवल लक्ष्मी पाय भव्यजन तारे जी॥
प्रभु तुम दीन० ॥ ४ ॥

शेप अघातिया घाति वरी है शिव[1] नारि मुक्ति पद लीयो जी।
'चम्पा' की अरदास, पुरी जी मेरी आस, अभय पद दीजो जी॥
प्रभु तुम० ॥ ५

१ मोक्ष रूपी लक्ष्मी

शाति छवी लखि आपकी, शाति रूप हो जाय ।
